महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय) *(A*
Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

बैंक आफ इंडिया की ओर से हिंदी दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में
हिंदी विवि की छात्रा सविता कोल्हे को प्रथम पुरस्कार

वर्धा दिनांक 24 सितंबर 2012 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय की बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में हिंदी दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र की छात्रा सविता कोल्हे को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। बैंक ऑफ इंडिया द्वारा विश्वविद्यालय के हबीब तनवीर सभागार में 'आजादी के 65 साल, क्या खोया क्या पाया' विषय पर विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. ए. अरविंदाक्षन ने की। अहिंसा एवं शांति अध्ययन विभाग के अध्यक्ष डॉ. नृपेन्द्र प्रसाद मोदी समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में तथा साहित्य विद्यापीठ की असोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रीति सागर एवं अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ के असिस्टेंट

प्रोफेसर डॉ. अनवर अहमद सिद्दीकी परीक्षक के रूप में उपस्थित थे। प्रतियोगिता के प्रारंभ में कार्यक्रम के अध्यक्ष, मुख्य अतिथि तथा दोनों परीक्षकों का बैंक ऑफ इंडिया हिंदी विश्वविद्यालय शाखा के प्रबंधक श्रीराम बांधे ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर बांधे ने हिंदी का महत्व और राजभाषा का अर्थ पर मार्गदर्शन किया। उन्होंने हिंदी को राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बताते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों में राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने की पहल की है। इस प्रतियोगिता में छात्रों तथा शोधार्थियों ने 'आजादी के 65 साल, क्या खोया क्या पाया' विषय के पक्ष और विपक्ष में अपनी बातें रखी। परीक्षकों ने प्रथम पुरस्कार विजेता के रूप में सविता कोल्हे, द्वितीय पुरस्कार के रूप में शंकर कृष्ण राय, तृतीय पुरस्कार के रूप में संचार एवं मीडिया अध्ययन केंद्र के शोधार्थी शंभू शरण गुप्ता के नामों की घोषणा की। प्रतियोगिता में 30 से अधिक छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। विजेताओं को डॉ. सिद्दीकी तथा डॉ. प्रीति सागर के द्वारा पुरस्कार स्वरूप हिंदी साहित्य की पुस्तकें प्रदान की गई। इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया के स्वप्निल भोयर, मुकेश महत्वाने तथा अनिरूध्द जोशी सहित विश्वविद्यालय के अध्यापक, कर्मी तथा विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

बी. एस. मिरगे
जनसंपर्क अधिकारी